# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः 19 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2022–23 दिनांकः 25.05.2022

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी(रा0से0यो0),
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

**विषयः** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान दिनांक 19.05.2022 से दिनांक 31.05.2022 के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0–146 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022, दिनांक 18.05.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान दिनांक 19.05.2022 से दिनांक 31.05.2022 के दौरान उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति अध्यापकों, छात्रों एवं अभिभावकों के मध्य जागरूकाता पैदा करने हेतु कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जो निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना अपेक्षित हैः–

1. <u>समस्त कार्यक्रम अधिकारी का प्रशिक्षण</u>

   सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रविवार को प्रत्येक जनपद में जनपद स्तरीय गोष्ठी आयोजित की जायेगी, जिसमें जनपद के समस्त कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, उन्हें परिवहन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

2. <u>एन0एस0एस0 सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के द्वारा चौराहों पर प्रचार–प्रसार</u>

   (1) उक्त रविवार को एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा जनमानस को जागरूक करने के लिए चौराहों पर प्रचार–प्रसार एवं सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया जायेगा तथा संवेदीकरण अभियान चलाया जायेगा।

   (2) अभियान के अन्तर्गत जनमानस को प्रशिक्षित किये जाने हेतु एन0एस0एस0 के स्वयंसेवकों द्वारा वाल राइटिंग का कार्य भी किया जोयगा।

3. <u>सेमिनार / गोष्ठी</u>

   उक्तानुसार रविवार को आयोजित जनपद स्तरीय गोष्ठी के क्रम में अगले दिन सोमवार को प्रत्येक संस्थान में सुरक्षा नियमों पर गोष्ठी / सेमिनार आयोजित की जायेगी, जिसमें उक्तानुसार प्रशिक्षित प्राचार्यो / शिक्षकों / कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता की जानकारी स्वयंसेवकों को दी जायेगी। गोष्ठी / सेमिनार में यथासम्भव यातायात पुलिस / परिवहन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से समस्त कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा स्वयंसेवकों के सहयोग का अभिमुखीकरण किया जायेगा।

4. <u>एन0एस0एस0 के स्वयंसेवकों के द्वारा रोड सेफ्टी क्लब का गठन</u>

   समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा महाविद्यालय स्तर पर रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जायेगा। जो वर्ष के दौरान सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

....पेज–2..

5. <u>जागरूकता क्लब का गठन</u>

समस्त कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के स्वयंसेवकों को प्रतिभागिता हेतु निर्देशित करें एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभात फेरी, क्विज, निबन्ध, पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगितायें आयोजित किया जाय।

6. <u>सड़क सुरक्षा शपथ</u>

समस्त कार्यक्रम अधिकारी एन0एस0एस0 सम्बन्धित समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों को विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाने हेतु निर्देशित करें।

3. उल्लेखनीय है कि एन0एस0एस0 के समस्त इकाईयों द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में यथासम्भव अभिभावकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाय। सड़क सुरक्षा नियमों के सम्बन्धित हैण्ड बिल सूचना विभाग द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराये जायेंगे, जो छात्र/छात्राओं के मध्य वितरण सुनिश्चित किया जाय।

4. एन0एस0एस0 के समस्त कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रमों की सूचना के प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारूप संलग्न कर इस निर्देश सहित प्रेषित है कि एन0एस0एस0 के समस्त कार्यक्रम अधिकारी को सूचना निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.06.2022 तक सम्बन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सूचनाओं को संकलित कर दिनांक 07. 06.2022 तक निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को उपलब्ध करायेंगे तथा निदेशक उच्च शिक्षा द्वारा समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी की सूचनाओं संकलित कर दिनांक 10.06.2022 तक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के ई–मेल आई0डी0–hesection.3@gmail.com पर एवं क्षेत्रीय निदेशालय ई–मेल आई0डी0–nssrclucknow@gmail.com व शासन के ई–मेल आई0डी0–sloup.nss@gmail.com पर प्रेषित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. विशेष कार्याधिकारी माननीय कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. निदेशक–रा0से0यो0, शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली–11001
3. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ–226064 उ0प्र0।
4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
5. निजी सचिव, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. शिक्षा निदेशक(उ0शि0) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
7. प्रभारी वि0वि0 वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वि0वि0 वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक